सत्यमेव जयते

# स्वर्ण प्रतिनिधि

Posting at Jodhpur RMS
Postal Regd. No. Jodhpur/378/2022-24
Posting Date Every Month 4/5 & 19/20

RNI No. RAJHIN/2013/49136
सम्पादक- रामरतन सोनी
मो. - 09414133641
मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर ( राज. ) 342001 swarnpratinidhi@gmail.com

वर्ष - 9 | अंक-22 | हिन्दी ( पाक्षिक ) जोधपुर ( राज. ), प्रकाशन: 1 जनवरी 2022 | पृष्ठ-4 | मूल्य वार्षिक : 220/-



हार्दिक बधाई

**एक्साइज इंसपेक्टर पद सम्भाला**

श्री अमृत सोनी
पुत्र स्व. श्री जगदीशजी



सुपौत्र स्व. श्री रामेश्वरलालजी खजवाणिया ( बलूंदा वाले ) हाल निवासी जोधपुर को एक्साइज इंसपेक्टर पद पर गुजरात में पदस्थापद होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।



**श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश**

अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक-शैक्षणिक-वैचारिक व शिल्प क्रांति को समर्पित

हिन्दी मासिक

कार्यालय:- अजमीढ़ मार्केट, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर ( राज. ) पिन कोड 342001
swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com


## हॉलमार्किंग वाली ज्वैलरी की शुद्धता व हॉलमार्क जाँचने में मददगार साबित होगा बीआईएस एप, एचयूआईडी नंबर गलत होने पर ग्राहक कर सकें शिकायत

**इस साल जुलाई से ही 2 ग्राम से ऊपर के गहनों पर हॉलमार्क चिन्ह हुआ अनिवार्य, अगस्त में लागू हुई एचयूआईडी**

आभूषणों की खरीददारी में धोखाधड़ी के मामलों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने एक ऐप जारी किया है ताकि हॉलमार्क की हुई ज्वैलरी की शुद्धता जाँची जा सके। अगर आप अपने हॉलमार्किंग सोने की शुद्धता और हॉलमार्क की जाँच कराना चाहते हैं तो इसके लिए सरकार ने बीआईएस केयर ऐप जारी किया है। इस ऐप के जरिए न केवल सोने की शुद्धता की जानकारी मिल सकेगी बल्कि ज्वैलरी बाने वाले निर्माता की जानकारी भी मिल जाएगी। यही नही, ऐप में अगर जेवरात का हॉलमार्क यूनिक आईडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) हॉलमार्क नंबर गलत मिले तो ग्राहक ऐप पर ही इसकी शिकायत कर सकेंगे। गौरतलब है कि सोने के आभूषणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस साल जुलाई से ही 2 ग्राम से ज्यादा के गहनों पर हॉलमार्क चिन्ह अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद अगस्त में एचयूआईडी लागू कर दिया।



**हॉलमार्किंग वाले गहनों की खरीद के लिए 10-15 प्रतिशत ज्यादा दाम चुकाने होंगे**

हॉलमार्किंग गहनों में मेकिंग चार्ज ज्यादा लगता है इसलिए हॉलमार्क के गहने खरीदने के लिए 10 से 15 फीसदी ज्यादा कीमत चुकानी होगी। हॉलमार्क सोने की शुद्धता की गारंटी की तरह है। ज्यादातर सुनारों के पास हॉलमार्क उपलब्ध रहते हैं, लेकिन कम मुनाफा होने की वजह से इसे ग्राहक को नहीं दिखाते।

**वर्ष 2000 से शुरू हुई हॉलमार्किंग**

हॉलमार्किंग का तरीका बहुत पुराना है और अलग-अलग देशों में इसका इस्तेमाल भी अपने ढंग से किया जाताहै। हालांकि भारत में सोने के आभूषणों में हॉलमार्क की शुरूआत साल 2000 से हो गई थी, लेकिन तब हॉलमार्क वाले आभूषण अंतरराष्ट्रीय मानक के होते हैं।

फिलहाल दो तरह की हॉलमार्किंग ज्यादा चलन में है। इसमें पहले ज्वैलर्स के पुराने स्टॉक में नार्मल हॉलमार्किंग और दूसरी नए आर्डर या माल पर एचयूआईडी हॉलमार्किंग।

**हर जेवर पर अलग यूनिक कोड**

एचयूआईडी नंबर छह अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड होता है। जिसमें नंबर और अक्षर होते हैं।

हॉलमार्किंग के समय आभूषण के हर टुकड़े का एचयूआईडी दिया जाएगा।

**जेवर की सारी डिटेल एप पर आने से बढ़ी पारदर्शिता**

जेवर की सारी डिटेल ऐप पर आने से पारदर्शिता बढ़ेगी।

सस्ते के चक्कर में होलसेल बाजारों में फेक हॉलमार्किंग और कम शुद्धता के गहने खरीद लेते हैं। इन्हें वे सालों बाद जब वे बेचने जाते हैं तो उनको पता चलता है कि इसमें यह उतने कैरेट का नहीं, जितना कहकर उनको दिया गया था। ऐसे में पोर्टल पर सारी जानकारी आने से पारदर्शिता बढ़ेगी, ग्राहकों को भी विश्वसनीय ज्वैलर की दुकानों से माल खरीदना चाहिए।

## सोनी बने ओबीसी मोर्चा राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**स्वर्णकार समाज ने खुशी का इजहार कर दी बधाई**





**सोजत।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने सोजत तहसील के बगड़ी निवासी स्वर्णकार समाज के गौरव किशनलाल सोनी खजवाणिया को ओबीसी मोर्चा राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पद पर मनोनीत करने पर स्वर्णकार समाज में खुशी की लहर छा गई व किशनलाल सोनी को बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया व भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना का स्वर्णकार समाज की ओर से हार्दिक आभार जताया इस अवसर पर श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज पाली जिलाध्यक्ष मोतीलाल अडाणिया, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज पाली जिला संगठन मंत्री व सोजत भाजपा शहर मण्डल मंत्री महेश सोनी, सोजत स्वर्णकार समाज अध्यक्ष नारायणलाल अग्रोया, उपाध्यक्ष केवलचन्द तोषावड़, जयनारायण मौसूण, किशोर कड़ेल, स्वर्णकार समाज पुना जिलाध्यक्ष हरीश खजवाणिया, सोजत रोड़ स्वर्णकार समाज अध्यक्ष देवराज धुपड़, भैरूलाल तोषावड़, अमृत तोषावड़, कैलाश जवड़ा, मारवाड़ जंक्शन, नरेश खजवाणिया, किशन अडाणिया पाली, रामेश्वर बेवाल बड़ा गुड़ा आदि ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी।

## कितलसर के भामाशाह सोनी ने पन्ना गुरु गोशाला में सवा दो बीघा जमीन की गोदान

**गांव कितलसर की श्री पन्ना गुरु गोशाला में जमीन दान करने पर दानदाता को किया सम्मान**



**नागौर।** ग्राम पंचायत कीतलसर में स्थित श्री पन्ना गुरू गौशाला में दानदाता के रूप में भामाशाह नथमल सोनी ने गोशाला के लिए सवा दो बीघ जमीन गोदान की है। पन्ना गुरू गोशाला समिति कितलसर ने बताया कि दानदाता नथमल सोनी ने उनके चारों बेटे घनश्याम सोनी, नेमीचंद सोनी, राजू सोनी व सत्यनारायण सोनी की आपसी सहमति से ही गौशाला में 2.25 बीघा जमीन गो दान की है। इस जमीन का लगभग 22 लाख रूपए कीमत की है।

इस मौके पर भामाशाह नथमल सोनी ने कहा कि पन्ना गुरू गोशाला कितलसर गायों सहित मूक पक्षियों की सेवा का पर्याय बन चुकी है। इसलिए गोशाला में गायों की सेवा व गोसेवा के लिए पूरे मन व लग्न से भूदान किया है। इस मौके पर भामाशाह सोनी सहित परिवार का गोशाला समिति, ग्रामीणों व संतों ने सम्मान करते हुए भामाशाह परिवार का नेक कार्य के लिए सराहना की है।

## 31 मार्च तक भर सकेंगे फार्म, परीक्षा 8 मई को
## क्लेट के लिए आवेदन शुरू

**जोधपुर।** देश के 22 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट : 2022) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई। अभ्यर्थी 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा 8 मई को ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। एनएलयू जोधपुर सहित देश के 22 एनएलयू की करीब 11 हजार सीटों के लिए क्लेट का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए एनएलयू के पंचवर्षीय विधि पाठ्यक्रम के साथ स्नातकोत्तर में भी प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन ऑनलाइन होगा। सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए फीस चार हजार रूपए और अन्य वर्गों के लिए 3500 रूपए रखी गई है। इस साल मई में अंतिम बार क्लेट होगी। अगले साल में परीक्षा दिसम्बर में आयोजित हुआ करेगी। मई में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ तिथि के टकराव और छात्रों को पढ़ाई का मौका नहीं मिलने की शिकायतों को देखते हुए एनएलयू कंसोर्सियम ने यह बदलाव किया है। वर्ष 2023 की क्लेट का आयोजन इसी साल 18 दिसम्बर को किया जाएगा यानी वर्ष 2022 में पहली बार मई और दिसम्बर में दो बार क्लेट होगी।






## ऐश्वर्य सोनी को सिल्वर मेडल

कांकेर एवं रायपुर में सोना, चांदी व्यवसाय से जुड़े हुए प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरेश सोनी जी के छोटे सुपुत्र ऐश्वर्य सोनी ने मुंबई महानगर में आयोजित आर.आर. लक्ष्य कप- 2021 जो कि दि. 23 से 25 दिसम्बर 2021 आयोजित किया गया था। जिसके एयर पिस्टल (NR) प्रतिष्पर्धा के अंतिम परिणाम 10 METAR में सिल्वर मेडल प्राप्त कर कांकेर नगर को गौरवान्वित किया है...इससे पूर्व रायपुर में हुए प्रतिष्पर्धा में उन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। कांकेरवासी ऐश्वर्य के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।









**138 विश्वेश सोनी (मांगलिक)**



जन्म: 09.06.1994 स्थान: अलवर ( राज. )
जन्म समय : 1.25 पीएम, शिक्षा: एमकॉम, कद:5.8,गौत्र: लावट, गाधोजिया ( अलवर ),
पिता: राजेश सोनी, माता : कुसुम सोनी
**भाई : वृतेश सोनी** ( 27.06.1995 )
मो. नं.: 9414478384, 9116178794, पता: 616, हनवंत (A), गली नं. 8, पावटा सी रोड, जोधपुर ( राज. )

**140 Vishal Soni** 07-07-1994



Time & Place : 9:55 AM, Jodhpur, Gotra : Agroya, Soliwal, Heigt:6.1, Education : Bachelor of commerece and currently preparing for competitive exams,
Father :Special Assodicate in State Bank of india, Jodhpur (Raj.),
Brother - Postal Assistant in india Post.,
Contact No: Lal Chand Soni, 6350661307 (Father)

**141 Arti Soni** 15 jan.1997, Place: Phalodi,
Gotra: Mosun, Dewal, Educ.: M.Com., B.Ed
Father : Bhanwarlal Soni,Phalodi, 9414410507

**142 भानुप्रकाश सोनी** 21.04.1995



समय: 4:20 pm गौत्र: अग्रोया, जवड़ा
पिताजी: श्यामसुन्दरजी सोनी ( सन्वा वाले )
न्यू परिहार नगर, भदवासिया, जोधपुर
मो. 7976954426

**143 Bharath Kumar Soni** 29.07.1996
B.O.P. : Bangalore, Height : 5.11, Edu.:B.Com , Gotra: Kandhla, Mosun. Business: Agriculture Motor starter and Panel, Manufactures.



**विधवा**, 35 वर्ष, शिक्षा दसवीं, दो बच्चिया ( उम्र 11/ और 8वर्ष ), गोत्र : माहोर, माताजी कड़ेल। निवास: जिला जालौर राजस्थान, अपेक्षा: जोधपुर को प्राथमिकता


**दहेज लेन-देन बन्द हो।**

**9 धर्मेन्द्र सोनी** जन्म: 10.12.92




समय : 4:00 ए.एम., जन्म स्थान: जोधपुर
कद : 5.9 , शिक्षा: दसवी,
व्यवसाय : ज्वैलर्स
गौत्र : माहोर, अग्रोया, खजवाणिया
पिताजी : मदनलालजी सोनी
पता : मगरा पूँजला, जोधपुर, 7823085858, 9982065191

**145 ललित सोनी** जन्म: 09.05.1986




जन्म समय: 3.45 पीएम, शिक्षा: प्रथम वर्ष गौत्र: कड़ेल, रूणवाल, पिता: स्व. गोपालजी सोनी, 22, घाणेराव की घाटी, सुभाष मार्ग, उदयपुर( राज. )9116924342, 9057589784

**146 Chandra shekhar Swarnkar**



12-12-1997, 5:10 AM, POB: shiwad, Height: 5.9, Edu.: M.Com., rscit, Tally Accounts Computer diploma, Gotra: Singoriya khatri, Thungar Father: Purushottam lal swarnkar, Add:Harmada, Jaipur, 7597542425

**153 Sanjana Verma (Manglik)**



Birth: 9.01.1997, Time : 01:10 am Jodhpur (Raj.), Height : 5.5, Qualification : B.Tech (C.S.), Job: Junior Engineer, (M/s Vishnu Prakash R Punglia LTD.), Gotra : Aasat, Kadel, Paternal's Family , Grand Parents : Sh. Bhanwarlal Verma (A.R. Rajasthan Hight Court), Perents : Sh. Kailash Verma (a.p.s. Phed Jodhpur), Elder Brother: Abhishek Verma (INCOME TAX DEPT. (MUMBAI)
Residence: 4, Vijay Nagar, New Pali Road, Bhagat Ki Kothi, Jodhpur, Contact No.: 9828452530

**154 Sakshi Swankar** 24.1.1995



Place of birth : Neemuch (M.P.)
Height : 5.4,
Educatin Qualification : B.Tech (ECE), LNMIIT Jaipur, Presently Father : Vijay Swarnkar (Additional SP Baran, Rajasthan),
Mother : Sandhya Swarnkar (2nd Grade Govt. Teacher), Brother : Tarsh Swarnkar (Stydying in Class 12th), Native Place: Mohangarh, Nathdwara (Raj.), Contact No.: 9166652529


"श्री"

## श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति, दुर्गा माता मन्दिर, नापासर के


# श्री गोपीकिशन डाँवर बने निर्विरोध अध्यक्ष



गोपीकिशन डाँवर
अध्यक्ष



जगदीशप्रसाद जोड़ा
उपाध्यक्ष



माणकलाल धुपड़
कोषाध्यक्ष




बजरंगलाल मौसूण
सचिव



राजकुमार जौड़ा
उप सचिव



रामकिशन तोषावड़
भंडार बर्तन प्रभारी



ओमप्रकाश जौड़ा
उप भंडार प्रभारी




लीलाधर धूपड़
सदस्य



देवकिशन तोषावड़
सदस्य



मालचन्द धुपड़
सदस्य



शंकरलाल सहदेवड़ा
सदस्य

श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति, नापासर ( बीकानेर ) के चुनाव दिनांक 06.10.2021 को निर्विरोध सम्पन्न हुए।

इस कार्यकारिणी के निम्नांकित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री गोपीकिशन पुत्र स्व. श्री इन्द्रचन्द जी डाँवर | अध्यक्ष | मो. 9829325897 |
| 2. | श्री जगदीश पुत्र स्व. श्री लाधूरामजी जौड़ा | उपाध्यक्ष | मो. 9829915831 |
| 3. | श्री माणकलाल पुत्र स्व. श्री अमोलखचन्दजी धूपड़ | कोषाध्यक्ष | मो. 9166390529 |
| 4. | श्री बजरंगलाल पुत्र श्री शिवनाथजी मौसूण | सचिव | मो. 9214886413 |
| 5. | श्री राजकुमार पुत्र श्री स्व. श्री भूरामलजी जौड़ा | उप सचिव | मो. 9414495888 |
| 6. | श्री रामकिशन पुत्र स्व. श्री मदनलालजी तोषावड़ | भंडार बर्तन प्रभारी | मो. 9829854795 |
| 7. | श्री ओमप्रकाश पुत्र स्व. श्री मालचन्दजी जौड़ा | उप भंडार प्रभारी | मो. 9928595543 |
| 8. | श्री लीलाधर पुत्र स्व. श्री गोविन्दरामजी धूपड़ | कार्यकारिणी सदस्य | मो. 9829951888 |
| 9. | श्री देवकिशन पुत्र स्व. श्री गिरधारीलालजी तोषावड़ | कार्यकारिणी सदस्य | मो. 9829922501 |
| 10. | श्री मालचन्द पुत्र श्री रामेश्वरलालजी धूपड़ | कार्यकारिणी सदस्य | मो. 9829905579 |
| 11. | श्री शंकरलाल पुत्र स्व. श्री राधाकिशनजी सहदेवड़ा | कार्यकारिणी सदस्य | मो. 9929789429 |

समस्त स्वर्णकार समाज नापासर की तरफ से नर्व वर्ष की शुभकामनाएँ।

**॥ संगठन में ही शक्ति है ॥**

# अलवर स्वर्णकार समाज भवन हेतु सहयोग



दिनांक 27 दिसंबर 2021 को जिला मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति अलवर के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधमंडल नव निर्माणाधीन स्वर्णकार भवन अलवर के निर्माण में सहयोग हेतु समाज के भामाशाहों से संपर्क कर सहयोग राशि प्राप्त की। प्रदेश अध्यक्ष एवं भामाशाह श्री शिवप्रसादजी तोषावड़ सीकर ने रू. 151000/- प्रदेशमहामंत्री श्री बजरंगलालजी झींगा 11000/- जयपुर ग्रामीण महामंत्री श्री सूरजमल जी तेवड़ी रू. 51000/- श्री मामराज जी मांडण शाहपुरा 11000/- आप सभी भामाशाहों द्वारा दिये गए अभूतपूर्व सहयोग हेतु जिला समिति अलवर हार्दिक धन्यवाद देती है। साथ ही समाज बन्धुओं से सादर निवेदन करती है कि स्वर्णिम भवन के निर्माण के पुनीत कार्य को पूर्ण करने हेतु अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करें।

शीशराम सोनी जिलाध्यक्ष, पुरेन्द्र सिंह, सोनी महामंत्री, हरीराम सोनी कोषाध्यक्ष


।। जय महादेव नमः ।। ।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। जय महादेव नमः ।।



## जय महादेव तीर्थ यात्रा बस, पाली



द्वारकाधाम व दो ज्योतिलिंग की यात्रा कीजिएं

सभी धर्मप्रेमियों को सुचित करते अत्यन्त हर्ष हो रहा हैं कि हर साल की तरह इस साल भी संघ की बस दिनांक 25-02-2022 शुक्रवार, फाल्गुन बदी नवमी को हा.बोर्ड, साईबाबा मंदिर से प्रात: 9.00 बजे रवाना होगी। यात्रा 10 दिन कि होगी। जिसका किराया दोनों टाईम का भोजन व धर्मशाला सहित 6001/- रूपये रखा गया है। जिन-जिन धर्म प्रेमी सज्जनों को इस यात्रा का लाभ उठाना हो तो आज ही एडवांस 3001/- रूपये देकर अपनी सीट बुक करवा लें बाकी का किराया 8 दिन पहले जमा करवाना होगा। सीट नं. वार से दी जायेगी।

यात्रा में आने वाले निम्न स्थान

1 पाली में सिद्धपीठ गजानन्दजी के दर्शन।
2 निम्बाड़ानाथ महादेवजी के दर्शन
3 माउण्ट आबु अर्बुदा मां के दर्शन व भ्रमण
4 अम्बाजी माता के दर्शन
5 बहुचराजी माताजी के दर्शन
6 जामनगर की शमशान भूमि को देखना।
7 नया रूणेचा रामदेवजी के दर्शन
8 गौमती द्वारकाधीश के दर्शन व गौमती समुन्द्र स्नान
9 रूकमणी माता के दर्शन
10 भेट द्वारकाधीश के दर्शन
11 गोपी तलावी के दर्शन
12 नागेश्वर महादेव ( ज्योतिर्लिंग ) के दर्शन
13 हर्षद माता के दर्शन
14 मूल द्वारकाधीश के दर्शन
15 पोरबन्दर सुदामापुरी चौरासी चक्र, ( रोकड़िया हनुमानजी के दर्शन )
16 सोमनाथ ( ज्योतिलिंग ) के दर्शन
17 भालका तीर्थ
18 जुनागढ़ - नरसिंह मेहता के दर्शन
19 गढ़ गिरनार के दर्शन
20 विरपुर - जालाराम बापु के दर्शन
21 गोण्डल - स्वामी नारायण मन्दिर के दर्शन
22 गांधी नगर - अक्षरधाम देखना
23 शामलाजी के दर्शन
24 केशरीयाजी
25 एकलींगजी महादेवजी के दर्शन
26 श्री नाथजी के दर्शन
27 पुष्कर राज का स्नान व ब्रहमाजी के दर्शन
28 भवाल माताजी के दर्शन
29 पाली आकर यात्रा समाप्त होगी।

नोट
1. 3 साल से 8 साल तक के बच्चे का आधा टिकट लगेगा व सीट नही मिलेगी।
2. एडवांस रूपये वापस नहीं होगा।
3. यात्री यात्रा अपनी जोखम पर करें एवं किमती जेवरात व वस्तु साथ में न लेवें।
4. प्रोग्राम रद्दोबदल करने का संचालन को पूर्ण अधिकार होगा व सभी को मान्य होगा।
5. खाने के लिए यात्री बरतन व बिस्तर साथ में लावें।
6. यात्री अपना एक दिन का खाना साथ में लावें व समय का पुरा ध्यान रखें।

टिकट मिलने का पता

संचालक
31 वर्षो से आपकी सेवा मे तत्पर



रामवल्लभ सोनी ( रामु भाई )
अध्यक्ष : श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज विवाह समिति, जिला-पाली
राष्ट्रीय प्रचार मंत्री : श्री अखिल भारतीय स्वर्णकार विचार मंच राजस्थान
4/231, कमला नेहरू, पारकेश्वर महादेव मन्दिर के सामने वाली गली, हाउसिंग बोर्ड, पाली ( राज. )
मो. 94149 81424, 94131 42058, 79760 58849



WARIVO eBike
3 YEAR WARRANTY
आ गई है बिजली से चलने वाली बाइक एक युनिट में पूरी चार्ज और चार्ज होने पर 60 से 110 किलोमीटर तक चले




Enduro Queen Sx Nexa Ex Nexa Ace Falcon Ace Queen Lx Ace+ Smarty

भादवा सुदी दशम से जोधपुर में
जय महादेव मोटर्स का शुभारंभ
No Registration No Licence Required
10 ATTRACTIVE MODELS IN DIFFRENT COLOURS
WARIVO e-BIKE
BOOK YOUR TEST DRIVE
पेट्रोल के बढ़ते दामों से न हो परेशान... शान से चलायें मात्र 20 पैसे प्रति कि.मी.
चलायें मात्र-10/- रोजाना के खर्च में
चलायेंगे तो मान जायेंगे 0% मैन्टेनेन्स
0% Pollution
JAI MAHADEV MOTORS
परिहार नगर भदवासिया मैन रोड़, जोधपुर
चन्द्रप्रकाश सोनी 9680147625 राजेन्द्र सोनी ( भेरू ) 9413523124
हमारी शाखाएं MAHADEV MOTORS
पाली | बिलाड़ा | खेजड़ला | बीरून्दा | पीपाड़ शहर

नूतन वर्ष की हार्दिक मंगलकामनाएँ



# श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश



हिन्दी मासिक पत्रिका

RNI.NO.: RAJHIN/2014/54988

प्रधान सम्पादक: **रामरतन सोनी** प्रबंध सम्पादक: **चन्द्रप्रकाश सोनी** सम्पादक: **भावना सोनी** सह सम्पादक: **गौरव सोनी** सह सम्पादक: **जयकिशन सोनी**

ऑफिस:- अजमीढ़ मार्केट, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर ( राज. ) पिन कोड 342001

निवास:- मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर, मो. 9414133641 | E-mail.: swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com


## मेजर दीपक वर्मा को अवार्ड





जनरल ऑफिसर कमांडिंग उत्तर भारत एरिया

प्रशंसा पत्र

आई सी 71527वाई मेजर दीपक वर्मा, 8 कुमाऊं

को यह प्रशंसा पत्र विशेष समर्पण एवम् कार्य निपुणता का परिचय देने तथा उत्तर भारत एरिया में सभी सैनिकों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने पर प्रदान किया जाता है।

सुरेन्द्र

(एस एस महल)
ले० जनरल
जी० ओ० सी०

दिनांक : 19 नवम्बर 2021

मेजर दीपक वर्मा पुत्र श्री एडवोकेट स्व. श्री गोविन्दरामजी कड़ेल (समाज पूर्व उपाध्यक्ष), जोधपुर को विशेष समर्पण एवम् कार्य निपुणता का परिचय देने तथा उत्तर भारत एरिया में सभी सैनिकों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने पर अवार्ड व प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित करने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।



मध्यप्रदेश सांसद श्री कैलाशचन्द सोनी का स्वर्णकार समाज बन्धुओं द्वारा अभिनन्दन




श्री संजय सोनी ( एडवोकेट ) के भिवानी बार एसोसिएशन के उपप्रधान चुने जाने पर भिवानी स्वर्णकार समाज द्वारा सम्मान समारोह



## B.D.S. में उत्तीर्ण होने पर हार्दिक बधाई

डॉ. कु. प्रियंका राजकुमारजी सोनी जालु ने नागपुर दादासाहेब कालमेघ स्मृति डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल हिंगनारोड, वानाडांगरी B.D.S. में उत्तीर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्यकी शुभकामनाएँ।

## 198 निकायों को दिए संस्थाओं को मुफ्त जमीन आवंटन के अधिकार

**जयपुर।** राज्य सरकार ने नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं को अलाभकारी संस्थाओं को फ्री जमीन आवंटन के बड़े पावर ट्रांसफर किए हैं। पिछले भाजपा सरकार के समय ये पावर निकायों से सरकार के पास ट्रांसफर कर दिए थे। इस सरकार ने भी आने के बाद तीन साल निकाय स्तर के पावन अपने पास ही रखने के आदेश जारी रखे। लेकिन अब सामाजिक संस्थाओं की ओर से बड़ी संख्या में मांग को देखते हुए सरकार ने जमीन आवंटन के पावर ट्रांसफर किए हैं। यूडीएच की तरफ से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश 198 निकायों को शक्ति देने के लिए जारी हुआ है।

## सरकार की नई गाइडलाइन

- क्लास एक से आठ तक सभी सरकारी और निजी स्कूल 3 से 9 जनवरी तक बंद रहेंगे।
- राजस्थान के बाहर के यात्रियों को वैक्सीन की डबल डोज अनिवार्य, नहीं निगेटिव रिपोर्ट आने तक होम क्वारैंटाइन
- शादी समारोह में अधिकतम 100 लोगों के शामिल होने की अनुमति। समारोह की विडियोग्राफी करानी होगी।
- अंतिम संस्कार में 20 लोगों को इजाजत
- रैली, धरना-प्रदर्शन में 100 लोगो को इजाजत
- विदेश से आने वालों को 7 दिन होम क्वारैंटाइन
- मंदिर में प्रसाद व अन्य पूजा सामग्री ले जाने की इजाजत नहीं
- 31 जनवरी से पहले दोनों डोज लेन जरूरी
- 7 जनवरी से रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक जन अनुशासन कर्फ्यू
- 65 साल से ऊपर के उम्र वाले जरूरत पड़ने पर ही घर से निकले
- गर्भवती महिलाओं को घर में ही रहने के निर्देश

## गुलाब और कांटे



अंग्रेजी भाषा के विश्वविख्यात कवि मिल्टन अत्यधिक रूपवान् थे। एक बार अपने कॉलेज में उन्हें ऑफ द कॉलेज के नाम से विभूषित किया गया था। परन्तु आगे चलकर रूपवान् किशोर का जीवन संकटमय हो गया।

हुआ यों कि पहली पत्नी की मृत्यु के पश्चात् जब मिल्टन का दूसरा विवाह हुआ तो सौभाग्य से उन्हें ऐसी पत्नी मिली, जो रूप-लावण्य की दृष्टि से सौन्दर्य की साक्षात् प्रतिमा थी। लोग मिल्टन के भाग्य की सराहना करते थे परन्तु वास्तविकता कुछ और ही थी। उनकी पत्नी का व्यवहार उनके प्रति अत्यनत अशोभनीय हो चला था और मिल्टन का दाम्पत्य जीवन निरंतर दुःखमय होता जा रहा था। फिर मिल्टन पर एक और विपदा आन पड़ी। अत्यधिक अध्ययन के कारण मिल्टन की आंखों की रोशनी अत्यन्त क्षीण होती गई अन्ततः एक दिन मिल्टन अंधे हो गए।

एक बार उनके एक मित्र ने उनकी रूपवान् पत्नी की प्रशंसा करते हुए उसे गुलाब जैसी सुन्दर बतलाया। मिल्टन के दुःखी मन ने उत्तर दिया– ''' तुम शायद ठीक कहते हो। मेरी पत्नी गुलाब की तरह ही सुन्दर है परन्तु अंधा होने के कारण मुझे उस गुलाब के सौन्दर्य का नहीं, वरन् कांटों का ही अनुभव होता है।

## सदस्यगणों (ग्राहकों) के लिए सूचना

आपकी अपनी पत्रिका श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश के सभी सम्माननीय सदस्यगणों से निवेदन है कि दिसम्बर सन् 2020 के पहले बने श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश के सभी सदस्यों का शुल्क पूरा हो गया है। कृपया निवेदन है कि अपना शुल्क (सहयोग राशि) जमा कराकर प्रकाशन में सहयोग करें।

प्रधान सम्पादक: रामरतन सोनी, जोधपुर मो: 9414133641

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) में श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश, जोधपुर के नाम से खाता संख्या **(A/C No. 34307035252 )** द्वारा किसी भी स्थान से State Bank of India में जमा करवाकर जमा पर्ची (रसीद) की फोटो कॉपी वाट्सएप या डाक द्वारा पूर्ण पते के साथ श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश, जोधपुर कार्यालय पते पर भिजवा दें।

IFSC CODE No. SBIN0004913

## सूचना

प्रकाशनार्थ सामग्री डाक द्वारा या ई-मेल द्वारा ही भेजें,
**वाट्स एप** पर भेजी गई जानकारी का प्रकाशन सम्भव नहीं होगा।

-प्रबंधक : श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश
ई.मेल- swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com

विस्तृत बायोडाटा के लिए
**श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश**
मासिक पत्रिका का अवलोकन करें।

स्वर्ण प्रतिनिधि के सदस्य बनने एवं प्रकाशनार्थ सामग्री भेजने हेतु
सम्पर्क : **09414133641**

मनुष्य की सम्पत्ति... ना दौलत है, ना धन है...
उसकी सम्पत्ति तो... उसका हँसता हुआ परिवार अच्छा स्वास्थ्य, शुभचिंतक मित्र और स्वयं का संतुष्ट मन हैं...

मास्क लगाएं, वैक्सीन की दोनों डोज लें

## पाठकों को सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य/वैवाहिक) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेट्स, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।

प्रबंध सम्पादक: चन्द्रप्रकाश सोनी

कार्यालय : स्वर्ण प्रतिनिधि
प्रकाशक एवं सम्पादक
रामरतन सोनी
मनिहारों की हवेली के पास,
भिश्तियों का बास, जोधपुर-
पिन कोड 342001 (राज.)
मो. 09414133641
email:-swarnpratinidhi@gmail.com
सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

स्वर्ण प्रतिनिधि
पोस्ट बॉक्स नं. 99, एस.पी.ओ.,
स्टेशन रोड़, जोधपुर-342001 (राज.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक रामरतन सोनी द्वारा मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर से प्रकाशित एवं भण्डारी ऑफसेट, J-352, मिनीग्रोथ सेण्टर, सांगरिया इण्डस्ट्रीयल एरिया, जोधपुर से मुद्रित, सम्पादक-रामरतन सोनी । मो.9414133641 email:-swarnpratinidhi@gmail.com